दिन– सोमवार

दिनांक– 26/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. सतत्तरवें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फहराया तिरंगा। कर्तव्य पथ पर दिखी देश की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य पराक्रम की झांकिया।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना के गांधी मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। भव्य परेड में बारह विभागों की झांकी हुई शामिल।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत कल मधुबनी जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

04. और, बिहार ने मणिपुर को पांच सौ अड़सठ रन से पराजित कर रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का खिताब जीता। एलिट ग्रुप में भी जगह बनाई।

---

राष्ट्र आज 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व किया। समारोह का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

———म्यजिक ———

राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मू गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ एक औपचारिक बग्गी में कर्तव्य पथ पहुंचीं। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ और 21 तोपों की सलामी दी गई।

———सलामी———

हमारे संवाददाता ने बताया है कि कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

———बाइट———

आज कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और सशक्त सैन्य शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस वर्ष परेड की थीम स्वतंत्रता का मंत्र दृ वंदे मातरम् और समृद्धि का मंत्र दृ आत्मनिर्भर भारत थी। परेड के दौरान विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों की तीस झांकियां प्रदर्शित की गईं। इन झांकियों के माध्यम से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के एक सौ पचास वर्षो की यात्रा के साथदृसाथ आत्मनिर्भरता के बल पर भी देश की तेज़ प्रगति को दर्शाया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए गए प्रमुख हथियार प्रणालियों की कृतियों को प्रदर्शित करने वाली तीनों सेनाओं की झांकी परेड के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रही। ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल प्रणालियों, गहरी मारक क्षमता वाली रॉकेट प्रणाली 'सूर्यास्त्र' और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी परेड में प्रदर्शित किए गए।

सलामी मंच की ओर बढ़ रहे हैं राष्ट्र के लिए अपने कर्तव्य निभाने वाले दो अचूक अस्त्र। पहला है सूर्यास्त्र यूनिवर्सल रॉकेट लॉचर सिस्टम और इसके साथ है दूसरी रक्षा प्रणाली ब्रह्मोस विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल्स में एक ब्रह्मोस ऑपरेशन सिंदूर में इसने अचूक और मारक प्रहार की क्षमता का प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार, अशोक चक्र से सम्मानित किया।

परेड के दौरान ढाई हजार से अधिक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

और विभिन्न क्षेत्रों के आए विशिष्ट अतिथियों ने समारोह में भाग लिया। प्रियां मंडल के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में बिहार की झांकी भी पेश की गई। – **मखाना, लोकल से ग्लोबल की थाली में, सुपर फूड** की थीम पर प्रस्तुत झांकी में मखाना की खेती, उसके प्रसंस्करण और उसके पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया को दर्शाया गया। कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में पांच महिला मुखिया समेत बिहार के ग्यारह जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

---

प्रदेश में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्सव का माहौल बना हुआ है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना के गांधी मैदान में झंडात्तोलन किया और परेड की सलामी ली। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाइट———

पटना के गांधी मैदान में 77 वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इससे पहले उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और झंडोतोलन के बाद आयोजित मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य सरकार के कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में कानून का राज कायम है और कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

———राज्यपाल———

श्री ख़ां ने कहा कि अगले 5 वर्षों में राज्य के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे।

———राज्यपाल 02———

ध्वजारोहण के बाद 12 विभागों की भव्य झांकियां निकाली गईं। झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार परिवहन विभाग, द्वितीय शिक्षा विभाग और तृतीय पुरस्कार ऊर्जा विभाग को मिला। वहीं, बेस्ट परेड प्रोफेशनल का पुरस्कार एसटीएफ और नॉन प्रोफेशनल श्रेणी में आर्मी बॉयज को प्रदान किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर में झंडोत्तोलन किया। वहीं, विधान परिषद परिसर में सभापति अवधेश नारायाण सिंह ने झंडोत्तोलन किया। जदयू कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने झंडोत्तोलन किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद थे। इधर, राजद प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली।

---

विभिन्न संस्थानों में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम हुआ। पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने न्यायालय परिसर में झंडा फहराया। आकाशवाणी पटना के केन्द्राध्यक्ष एच.डी सिडाम ने परिसर में झंडोत्तोलन किया और अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित किया। वहीं, एनर्जी इंटरनेशनल के अध्यक्ष विजय नारायण झा ने पटना स्थित प्रधान कार्यालय में झंडा फहराया। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनील सुलभ ने सम्मेलन परिसर में झंडोत्तोलन किया। बिहार रक्षा वाहिनी समेत विभिन्न संस्थानों में भी झंडोत्तोलन किया गया।

---

सतत्तरवां गणतंत्र दिवस विभिन्न जिलों में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्रियों और जिला प्रसाशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने झंडोत्तोलन किया। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

गणतंत्र दिवस का उत्सवी माहौल जिलों में भी दिखा। शेखपुरा में प्रधान जिला जज संतोष कुमार तिवारी ने न्यायालय परिसर में झंडोत्तोलन किया। वहीं, जिले के प्रभारी मंत्री जमा खान ने परेड ग्राउंड में तिरंगा फहराया। अररिया के नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने झंडोत्तोलन किया। इधर, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने झंडोत्तोलन किया। भागलपुर के सैंडीस कंपाउंड मैदान में जिले के प्रभारी मंत्री सह उद्योग और पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने, मुंगेर के पोलो मैदान में गन्ना मंत्री सह प्रभारी मंत्री संजय कुमार और गोपालगंज के मिंज स्टेडियम में सूबे के आपदा प्रबंधन सह जिला के प्रभारी मंत्री नारायण साह ने झंडोत्तोलन किया। दरभंगा के नेहरू स्टेडियम में प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु राय ने, सीवान के ऐतिहासिक राजेन्द्र स्टेडियम में जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने और सीतामढ़ी जिले के डुमरा हवाई अड्डा मैदान में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने झंडोत्तोलन किया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से कामिनी ठाकुर।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना जिले के पुनपुन प्रखंड के मरांची गांव स्थित महादलित टोले में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने गांव के सबसे बुजूर्ग व्यक्ति सिद्धेश्वर मांझी से झंडोत्तोलन करवाया। इस अवसर पर श्री कुमार ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और यहां चल रही सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

---

केंद्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली बिहार की तीन समेत देश की एक सौ इकतीस हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। लोक गायक भरत सिंह भारती और लोक नर्तक विश्व बंधु को कला तथा कृषि तकनीक विशेषज्ञ– गोपाल जी त्रिवेदी को विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री देने की घोषणा की गई है। भोजपुर जिले के भरत सिंह भारती पिछले कई वर्षों से भोजपुरी गायन में सक्रिय हैं। पटना के विश्व बंधु को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं, मुजफ्फरपुर के रहने वाले गोपाल जी त्रिवेदी पेशे से कृषि वैज्ञानिक और लीची किसान हैं।

---

मुख्यममंत्री नीतीश कुमार कल समृद्धि यात्रा के तहत मधुबनी जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार अररिया संग्राम में मिथिला हाट फेज टू रिवर फ्रंट विकास कार्य का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही अररिया संग्राम पंचायत भवन परिसर में जीविका भवन का लोकार्पण करेंगे। वे जीविका दीदियों के स्टॉल का निरीक्षण भी करेंगे। मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। साथ ही अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।

---

बिहार ने मणिपुर को पांच सौ अड़सठ रन से पराजित कर रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ ही बिहार एलिट ग्रुप में प्रवेश कर गया। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले के अंतिम दिन

मणिपुर की दूसरी पारी एक सौ पचानवें रन पर ही सिमट गई। सूरज कश्यप और हिमांशु सिंह तीन–तीन जबकि प्रशांत सिंह ने दो विकेट लिये। बिहार के कप्तान शकीबुल गनी को पहली पारी में शानदार बल्लेवाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बिहार ने पहली पारी में पांच सौ बाईस और दूसरी पारी में पांच सौ पांच रन बनाया। वहीं, मणिपुर ने पहली पारी में दो सौ चौंसठ और दूसरी पारी में एक सौ पचानवें रन बनाया।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में मौसम में परिवर्तन दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर मध्यम स्तर का कोहरा छाया रह सकता है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले का वाल्मिकीनगर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।

---

01. सतत्तरवें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फहराया तिरंगा। कर्तव्य पथ पर दिखी देश की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य पराक्रम की झांकिया।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना के गांधी मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। भव्य परेड में बारह विभागों की झांकी हुई शामिल।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत कल मधुबनी जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे।

04. और, बिहार ने मणिपुर को पांच सौ अड़सठ रन से पराजित कर रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का खिताब जीता। एलिट ग्रुप में भी जगह बनाई।

---

समाप्त